नई दिल्ली, शुक्रवार
22 फरवरी 2019
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+8=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

एलगार परिषद मामले में सुधा के खिलाफ आरोपपत्र 13
आतंकी हमले के राजनीतिकरण पर शाह ने कांग्रेस को फटकारा 14

2025 से जेवर एयरपोर्ट टर्मिनल तक दौड़ेगी मेट्रो

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : जेवर एयरपोर्ट मेट्रो 2025 तक ट्रैक पर दौड़ेगी। इस परियोजना पर 5708 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। ग्रेटर नोएडा के परी चौक से जेवर एयरपोर्ट टर्मिनल तक मेट्रो के 25 स्टेशन होंगे। एयरपोर्ट टर्मिनल में मेट्रो भूमिगत होगी। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने जेवर मेट्रो की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट यमुना प्राधिकरण को सौंप दी है। बोर्ड से मंजूरी के बाद परियोजना के लिए रकम जुटाने की संभावनाएं के लिए रिपोर्ट उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को भेजी जाएगी।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल के लिए मेट्रो परी चौक से जाएगी। परी चौक से टर्मिनल तक ट्रैक की लंबाई 35.64 किमी होगी। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क दो से यमुना एक्सप्रेस-वे के समानांतर ग्रीन बेल्ट पर मेट्रो का ट्रैक एलिवेटेड होगा। जेवर के नंगलाहुकुम सिंह स्टेशन से मेट्रो भूमिगत हो जाएगी। एयरपोर्ट टर्मिनल स्टेशन भूमिगत होगा।

मेट्रो के प्रस्तावित स्टेशन

ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क दो, सेक्टर चाइ एक, चाइ दो, चाइ तीन व सेक्टर चाइ चार, गौतमबुद्ध विवि, नाइट सफारी, मुर्शदपुर, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सेक्टर-26ए, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, गलगोटिया यूनिवर्सिटी, सेक्टर-17ए, स्पोर्ट्स सिटी, सेक्टर-22ए, 22बी, सेक्टर 18-एक, सेक्टर-22 सी, सेक्टर-19, सेक्टर 18-दो, सेक्टर बीस, सेक्टर-21, सेक्टर-28, सेक्टर-29, नंगला हुकुम सिंह, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल स्टेशन।